महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
जनसंपर्क कार्यालय
PUBLIC RELATIONS OFFICE

ज्ञान शांति मैत्री

आज़ादी का अमृत महोत्सव

# हिंदी विश्वविद्यालय के 27वें स्थापनोत्सव में हुई रंगारंग प्रस्तुतियां

वर्धा, 9 जनवरी 2024: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के 27वें स्थापनोत्सव में सोमवार की शाम विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियां देकर सराबोर कर दिया। आरती और साथी कलाकारों द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना से कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ। डॉ. तेजस्वी व सह-कलाकारों ने वंदे मातरम समूह गायन, शिल्पा और ममता ने हिन्दुस्तानी गायन, राष्ट्रीय









पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत
ई-मेल/E-mail: mgahvpro@gmail.com, वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org
दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305

ज्ञान शांति मैत्री

## महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

### जनसंपर्क कार्यालय
### PUBLIC RELATIONS OFFICE

आज़ादी का अमृत महोत्सव










पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत
ई-मेल/E-mail: mgahvpro@gmail.com, वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org
दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305







कला मंच ने केवट भक्ति नाटिका, देविका और साथी कलाकारों ने भक्ति नृत्य, कु. निधि साल्वे और अबोली साल्वे ने कथक नृत्य, वेदांत ने सूफी गीत प्रस्तुत किए। विवेक मिश्र ने रश्मिरथी कविता, विवेदिक और साथी कलाकारों ने शिव तांडव नृत्य तथा आरती और अपूर्वा ने छत्रपति शिवाजी महाराज का पोवाड़ा प्रस्तुत किया है। प्रीत जहां की रीत सदा गीत संजय कुमार ने, सुश्री सृष्टि कुमारी एकल नृत्य-भोर भय पनघट पे की प्रस्तुति दी। रूद्राणी राजेश समुद्रे ने संदेशे आते हैं, दीप्ति कुशवाहा ने सारे जहां से अच्छा,अथर्व गुप्ता ने तेरी मिट्टी में मिल जावा तथा शाश्वती नए सम्बलपुरी नृत्य एवं जीशान के मूकाभिनय से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वेदिका मिश्रा ने गीता सार पर, प्रतीक ने गोण्डी नृत्य व अंकित राज और साथी कलाकारों ने समूह नृत्य प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रोफेसर डॉ. के.सी. पाण्डेय, विद्यार्थी शाणू झा एवं आरती ने किया। तबले पर जीवन बांगड़े ने तथा हार्मोनियम पर शैलेश देशमुख ने संगत की। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. धरवेश कठेरिया, स्थापनोत्सव आयोजन समिति के संयोजक प्रो. कृष्ण कुमार सिंह सहित विश्वविद्यालय के अध्यापक, कर्मचारी और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।